**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**08.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे**

## मुख्य समाचार

- दीपावली से पहले राज्य सरकार ने दिहाड़ीदारों, आउटसोर्स कर्मियों सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में की वृद्धि।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने झंडूता उपमंडल में हुई निजी बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।
- कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव लंका दहन की रस्म के साथ सम्पन्न–बाजा बजंतरियों के नजराने में दस प्रतिशत की वृद्धि।
- प्रदेश पथ परिवहन निगम के पैंशनरों को दो महीने से नहीं मिली पैंशन–विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी।

## दिहाड़ी बढ़ौतरी

राज्य सरकार ने दीपावली से पहले कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने मिड–डे–मील वर्कस और एसएमसी के तहत कार्यरत सीएंडवी, लेक्चरर, डीपीई, टीजीटी व जेबीटी और वॉटर कैरियर के मानदेय में पांच–पांच सौ रूपए की वृद्धि की है। इसके अलावा दिहाड़ीदारों व पार्ट टाईम वर्कर की दिहाड़ी 25 रूपए बढ़ाकर 4 सौ 25 की गई है। वहीं सिलाई अध्यापिकाओं, पंचायत चौकीदारों और राजस्व चौकीदारों के मानदेय में भी पांच सौ रूपए की बढ़ौतरी की गई है। राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों को मिलने वाले मानदेय में भी वृद्धि की है। आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाकर 12 हजार सात सौ 50 रूपए किया गया है।

## सड़क हादसा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बिलासपुर जिले के झंडुता उपमंडल में भल्लू पुल के समीप हुई निजी बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क की स्थिति और संभावित ब्लैक स्पॉट्स की जांच करवा रही है। यदि हादसे के पीछे किसी की लापरवाही पाई गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बरठीं सिविल अस्पताल जाकर इस हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी प्रभावितों के साथ मजबूती से खड़ी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि घटना स्थल के आस–पास अभी भी कई जगह बेहद खतरनाक नजर आ रही हैं जिन्हें दुरूस्त किया जाना अतिआवश्यक है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा और सभी भाषाओं की जननी है। वे आज श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित विशिष्ट दीक्षांत महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत भाषा विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने संस्कृत और इसकी विशाल ज्ञान विरासत को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला शहर में एक सौ 45 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित किए जा रहे यूटीलिटी डक्ट के निर्माण कार्य की आज शिमला में समीक्षा की। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को छोटा शिमला से विलीज पार्क तक निर्मित की जा रही सात किलोमीटर लंबी डक्ट का

निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस बीच मुख्यमंत्री ने 13 अक्तूबर को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण की तैयारियों के संबंध में आज शिमला में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा यह राजकीय कार्यक्रम होगा जिसमें कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी व सांसद रजनी पाटिल और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए और व्यापक सुरक्षा प्रबंध करने को कहा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति बैठक में मौजूद रहे। विक्रमादित्य सिंह ने सभी से इस समारोह में बढ़–चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला के भावानगर में दो करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से निर्मित बस अड्डा भवन का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों सहित यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के संतुलित व सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। बाद में राजस्व मंत्री ने तीन दिवसीय पारंपरिक जातरू उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस बीच जगत सिंह नेगी ने चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर रिकांगपिओ में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की।

## कुल्लू दशहरा

कुल्लू का सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव आज लंका दहन की रस्म के साथ सम्पन्न हो गया। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दशहरा उत्सव में भाग लेने वाले बाजा बजंतरियों के नजराने में 10 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाद्दाता...................

सप्ताह भर चला कुल्लू दशहरा आज लंका दहन की रस्म पूरी करने के साथ ही समाप्त हो गया। भगवान रघुनाथजी को दोपहर बाद उनके अस्थाई शिविर से रथ बिठा कर लंका दहन के लिये ले जाया गया। इस अवसर पर रथ के इर्दगिर्द काफी संख्या में देवी देवता अपनी -अपनी पालकियों में मौजूद रहे व् रथ यात्रा में शिरकत की । बाद मे रथ यात्रा ढालपुर मे सम्पन्न हुई व रथ को हज़ारो लोगो ने रस्से से खींचा। तत्पशचात भगवान रघुनाथजी को पालकी मे बिठाकर उनके सुल्तानपुर स्थित मंदिर ले जाया गया। इस अवसर पर भगवान रघुनाथजी के छड़ीबरदार महेशवर सिन्ह तथा राज परिवार के अन्य सदस्य परम्परागत वेशभूषा मे उपस्थित थे। रथ यात्रा पूरी होने के साथ ही कुल्लू दशहरा भी परम्परागत रूप से समाप्त हो गया व ज़िला के विभिन्न क्षेत्रो से आये देवी-देवता अपने-अपने देवालयो को लौट गये। इस बार उत्सव में 300 के लगभग देवी देवताओ ने शिरकत की । हाल ही में आई आपदा के चलते इस बार दशहरा बहुत ही सादे तरीके से मनाया गया तथा खर्चो में कटौती करने के उद्देश्य से विदेश से किसी भी सांस्कृतिक दल को आमंत्रित नहीं किया गया था । इस बार मेले के दौरान बारिश भी खूब हुई तथा सांस्कृतिक संध्याएं अटल

**सदन में आयोजित की गई । आज अंतिम सांस्कृतिक संध्या प्रसिद्द लोक गायक ठाकुर दास राठी व् ए सी भरद्वाज अपने कार्यक्रम से दर्शको का मनोरंजन करेंगे ।**

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र में 28 सड़कों को एफआरए के तहत मंजूरी मिल चुकी है, इनमें से 15 सड़कों का निर्माण कार्य तेज गति से चला हुआ है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से मॉडल पंचायत घरों के भवनों का नक्शा बनाया गया है और क्षेत्र में 17 करोड़ रूपए की लागत से नए पंचायत घर बन रहे हैं। इससे पहले उन्होंने विभिन्न स्थानों पर जनसमस्याएं भी सुनी।

**एचआरटीसी पैंशनर**

प्रदेश पथ परिवहन निगम के पैंशनरों को पिछले दो महीनों से पैंशन नहीं मिली है जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिली है। प्रदेश पैंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव राजेन्द्र ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि समिति द्वारा 15 अक्तूबर को शिमला स्थित निगम मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैंशनर्स पिछले दो वर्षों से अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के पास कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि एचआरटीसी पैंशनर्स को भी राज्य के अन्य पैंशनरों के समान लाभ मिलना चाहिए।

**पोषण सप्ताह**

शिमला जिला की मूल कोटी पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र में आज पोषण सप्ताह के तहत लोगों विशेष कर महिलाओं को पोष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ढली वृत के पर्यवेक्षक राजन वर्मा और टूटू वृत की पर्यवेक्षक सुनिता शांडिल मौजूद रहे।

**अभियान**

चंबा जिला में पांगी उपमंडल के मुख्यालय किलाड़ में आज आदि कर्म योगी अभियान शुरू हुआ। पांगी के उपमंडलाधिकारी रमन घरसंगी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'आदि कर्म योगी अभियान' के तहत जिले के लगभग एक सौ 56 गांवों को शामिल किया गया है, जिनमें पांगी के 48 गांव भी शामिल हैं। इस अभियान के अंतर्गत पांच विभागों के प्रमुख अधिकारियों व कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- दीपावली से पहले राज्य सरकार ने दिहाड़ीदारों, आउटसोर्स कर्मियों सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में की वृद्धि।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने झंडूता उपमंडल में हुई निजी बस दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।
- कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव लंका दहन की रस्म के साथ सम्पन्न–बाजा बजंतरियों के नजराने में दस प्रतिशत की वृद्धि।

और

- प्रदेश पथ परिवहन निगम के पैंशनरों को दो महीने से नहीं मिली पैंशन–विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी।